Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com



सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818



वर्ष-2 अंक-16 सांगवाड़ा,शनिवार,30 सितम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि:(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1




# शिक्षक भंवरलाल के समर्थन में जुटा आदिवासी परिवार

* हजारो आदिवासियों ने शहर में रैली निकालकर किया शक्ति प्रदर्शन
* कलेक्टर से पूछा बिना जांच किए कैसे दर्ज की एफआईआर, गिरफ्तारी नहीं करने की दी चेतावनी

**डूंगरपुर।** जिले में सरकारी शिक्षक भंवरलाल परमार के खिलाफ आदिवासी महिलाओं के पहनावे व व्रत त्योहारो पर अभद्र टिप्पणी करने पर केस दर्ज होने के मामले में आदिवासी परिवार के लोगो ने आक्रोश जताया है। शिक्षक के समर्थन में हजारो की संख्या में आदिवासी परिवार के लोगो ने शहर में रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया वही कलेक्ट्रेट पर धरना व ज्ञापन देकर शिक्षक भवंरलाल के खिलाफ दर्ज मुक़दमे को वापस लेने की मांग की है। डूंगरपुर जिले के सरकारी शिक्षक भंवरलाल परमार द्वारा आदिवासी महिलाओं के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के मामले में कोतवाली थाने में मामला दर्ज हुआ है। इधर मुकदमा दर्ज होने के बाद आदिवासी परिवार के लोगो में आक्रोश व्याप्त है। इसी आक्रोश के चलते आज राजस्थान, गुजरात, एमपी और महाराष्ट्र के आदिवासी परिवार के हजारो लोग डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में जुटे। यहाँ से आदिवासी





परिवार के लोगो ने कलेक्ट्रेट तक विशाल रैली निकाली। रैली स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स से रवाना होकर, सदर थाना, पत्रकार कॉलोनी, नया बस स्टैंड, शास्त्री कॉलोनी, तहसील चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंची। रैली के कलेक्ट्रेट पर पहुँचने के बाद आदिवासी परिवार के हजारो लोगो ने कलेक्ट्रेट पर धरना दिया। धरने में चौरासी विधायक राजकुमार रोत भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक राजकुमार सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर वक्ताओं ने शिक्षक भंवरलाल परमार के खिलाफ दर्ज हुए मामले पर कांग्रेस के नेताओं पर षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा की तीन साल पहले शिक्षक भंवरलाल ने बयान दिया था उसके बाद अभी कुछ दिन पहले कांग्रेसी नेताओं के कहने पर आदिवासी समाज की महिलाओं ने शहर में निकाली थी और उनकी रिपोर्ट पर कोतवाली थाने में शिक्षक भंवरलाल के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। इधर कलेक्ट्री पर भव्य जनसभा में हजारों में को भीड़ उमड़ी। सभा को मध्यप्रदेश से आए आदिवासी नेता महेंद्र कन्नौज ने कहा की यहां के कलेक्टर व एसपी में दम है तो भंवर दादा को गिरफ्तार कर के दिखाए और उनके जिस बयान पर मुकदमा दर्ज किया है उसका मैं भी समर्थन करता हु और मेरे भी खिलाफ केस दर्ज कर के दिखाए। इधर धरने के बाद आदिवासी परिवार के लोगो ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में आदिवासी परिवार के लोगो ने शिक्षक भंवरलाल की गिरफ्तारी नहीं करने की चेतावनी दी है। वही गिरफ्तारी होने पर हजारो आदिवासियों द्वारा जेल भरो आन्दोलन की चेतावनी दी है।

## विधा निकेतन मधुकर परिसर सागवाडा में मातृ सम्मेलन हुआ




**सागवाड़ा।** विद्या निकेतन मधुकर परिसर में विराट मातृशक्ति सम्मेलन प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख अनीता सेन के मुख्य आतिथ्य, सांसद कनकमल कटारा की अध्यक्षता, विद्या भारती जिला सचिव जितेंद्र जोशी, सह मंत्री सुदेश भाटिया, शिक्षाविद कल्पना डोडियार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया स्वागत परिचय स्थानीय सचिव मंगलेश वाडेल, अध्यक्ष कन्हैया लाल भाटिया, हरिश्चंद्र सोमपुरा प्रहलाद भावसार जयशंकर पंड्या गिरीश पाटीदार एवं संस्था प्रधान जितेंद्र जोशी ने तिलकउपरणा वह प्रतीक चिन्ह प्रदान कर किया भैया बहनों ने गीत नृत्य व रास गरबा की प्रस्तुतियां देकर समा बांधा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता अनीता सेन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां ममता करुणा व त्याग की प्रतिमूर्ति है जो अपने बालक को गर्भ से ही संस्कार प्रदान करते हुए पारिवारिक वायुमंडल को श्रेष्ठ बनाकर बालक को सर्वांगीण विकास की ओर अग्रसर करती है अत: हम सभी विद्या मंदिर के साथ श्रेष्ठ सामंजस्य बनाकर बालक को चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर करने में अपना पूर्ण योगदान प्रदान करें। जिला सचिव जोशी ने विद्या मंदिर के कार्य एवं आवश्यक साधन सुविधा के विकास पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान कर विधालय विकास में सहयोग हेतु आश्वस्त किया। आभार स्थानीय अध्यक्ष कन्हैया लाल भाटिया व संचालन शीला जोशी व नागेंद्र शर्मा ने किया इस अवसर पर सुशीला राजावत,प्रमोद भट्ट,राखी भावसार, नन्दा भट्ट, अलका सोमपुरा, विजयलक्ष्मी भाटिया, केतना सोमपुरा, ममता पाटीदार, ख्याती भट्ट ,कशिश शर्मा, हितेश सोमपुरा,हर्षद पण्ड्या, कमल राठौड़,बालकृष्ण देसाई सहित अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन माताओं की महा आरती व पूजा अर्चना कर किया गया।

## कोर्ट के बाहर चालानी गार्ड को धक्का देकर भागा हत्या का नाबालिग आरोपी

### वकील और पेशी पर आए युवक ने पीछा कर पकड़ा

**डूंगरपुर।** हत्या के केस में आरोपी नाबालिग कोर्ट के बाहर चालानी गार्ड को धक्का देकर भाग गया। कोर्ट में काम कर रहे वकील और पेशी पर आए युवक ने आरोपी का पीछा किया। करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर उसे पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

राजसमंद जिले के पुलिस लाइन के चालानी गार्ड हेड कांस्टेबल दलाराम ने बताया की बाल संप्रेषण गृह में एक नाबालिग आरोपी (17) को डूंगरपुर एडीजे कोर्ट में पेशी पर लेकर आए थे। नाबालिग आरोपी के खिलाफ डूंगरपुर के बिछीवाड़ा थाने में हत्या का केस दर्ज है। 17 जनवरी 2022 को भेहणा गांव के लाला पटेल की मारपीट कर हत्या का केस है। वारदात के बाद आरोपी नाबालिग को कोर्ट ने बाल संप्रेषण गृह भेज दिया था। उसे राजसमंद के संप्रेषण गृह में रखा गया था। राजसमंद से चालानी गार्ड दुलाराम के साथ कांस्टेबल बृजेश कुमार कोर्ट में पेशी पर लेकर आए। कांस्टेबल बृजेश कुमार एडीजे कोर्ट में फाइल लेकर गए। जबकि हेड कांस्टेबल दलाराम कोर्ट के बाहर ही नाबालिग आरोपी को लेकर बैठे थे। उसी समय नाबालिग आरोपी चालानी गार्ड को धक्का देकर भागने लगा। ये देख पुलिस उसके पीछे भागते हुए चिल्लाने लगी। कोर्ट परिसर के गेट से आरोपी भागते देख वकील जितेंद्र सिंह पीठ और पेशी पर आए युवक विकास श्रीमाल ने भी आरोपी का पीछा शुरू कर दिया। आरोपी कलेक्टर और एसपी बंगले के सामने से होते हुए गांधी आश्रम और फिर साबेला बायपास पर भागने लगा। पीछा कर रहे वकील और युवक ने करीब आधा किलोमीटर तक भागते हुए उसे पकड़ लिया।

इसके बाद चालानी गार्ड पुलिस भी पहुंच गई। वकील जितेंद्र सिंह पीठ और युवक विकास श्रीमाल के हिम्मत की सभी ने तारीफ की। वही आरोपी के पकड़े जाने के बाद पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

## शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा पहुंची डूंगरपुर

### फलोज में सत्संग कार्यक्रम में शाकाहार व सदाचार का पढ़ाया पाठ

**आसपुर।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था की ओर से मथुरा से शुरू हुई 82 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा डूंगरपुर पहुंची। इस दौरान जिले के फलोज गाँव में सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पंकज महाराज ने आमजन को शाकाहार व सदाचार का पाठ पढाया। वही उन्होंने युवाओं में अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार की जरुरत भी बताई।

जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था की ओर से 82 शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा निकाली जा रही है। संस्था के मथुरा स्थित मुख्यालय से शुरू हुई 82 शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध आध्यात्मिक जन जागरण यात्रा आज डूंगरपुर जिले के फलोज गाँव में पहुंची। जहा पर संस्था की ओर से सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सत्संग कार्यक्रम को पंकज महाराज ने संबोधित किया। अपने संबोधन में पंकज महाराज ने लोगो को शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध का पाठ पढाया। उन्होंने कहा की आज के समय में लोग मांसाहार , मदिरापान की तरफ जा रहे है जिससे उनका व उनके परिवार का ह्रास हो रहा है। उन्होंने कहा कि शरीर सच्चा हरि मन्दिर है। मनुष्य होने के कारण हमें यह विचार करना चाहिए कि जिस प्रकार हम लोग ईंट-पत्थर का मन्दिर बनाते है तो उसमें मांस, मछली, अण्डा, शराब जैसे अखाद्य पदार्थों को नहीं डालते है, उसको साफ-सुथरा रखते है। उसी प्रकार प्रभु के बनाये हुये इस तनरूपी मन्दिर में जिसमें ईश्वर अंश चेतन जीवात्मा रूह बैठी हुयी है, इसे साफ रखना चाहिए। वही अपने संबोधन में पंकज महाराज ने कहा की आज युवाओं में अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार की जरूरत है। अच्छे संस्कार के अभाव में आज भारतवर्श में वृद्धाश्रमों की संख्या बढ़ती जा रही है। अच्छे संस्कार सन्त-महात्माओं के सत्संग में पड़ता है। उन्होंने कहा की हिन्दू-मुसलमान, सिख-इसाई सभी में ईश्वर अंश की जीवात्मा बैठी है। धर्म-मजहब के नाम पर लड़ाई करना शैतानो व हैवानों का काम है। ऐसे में सभी को आपस में मिल जुलकर प्रेम से रहना चाहिए । इस अवसर पर संस्था के कई पदाधिकारी व प्रबन्ध समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

## वैभव गहलोत गुट को बड़ा झटका

**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के शुक्रवार को होने वाले वाले चुनाव पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। ऐसे में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के मौजूदा अध्यक्ष वैभव गहलोत को बड़ा झटका लगा है। क्योंकि इस चुनाव के अंदर वैभव गहलोत की ताजपोशी लगभग तय थी। लेकिन चुनाव से ठीक 1 दिन पहले हाईकोर्ट ने चुनावी कार्यक्रम पर रोक लगा दी है।

## राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक, लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आगाज

### 6 खेलों में 898 खिलाड़ी दिखा रहे अपना दमखम

**डूंगरपुर।** जिले में राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक के तीसरे चरण के तहत शहर के लक्ष्मण मैदान में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हुआ। राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव व विधायक गणेश घोघरा ने प्रतियोगिता का उदघाटन किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 6 खेलो में 82 टीम भाग ले रही है। जिसमे 382 महिला खिलाडी सहित कुल 898 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जोहर दिखाएँगे। पंचायत और पंचायत समिति स्तर के बाद अब जिला स्तर पर राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक का आज से शुरुआत हुई। लक्ष्मण मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव रहे वही समारोह में डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, चौरासी विधायक राजकुमार रोत, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, सभापति अमृत कलासुआ और कलेक्टर डॉ इन्द्रजीत यादव भी मौजूद रहे। राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक के तहत जिला स्तर पर कबड्डी, टेनिस बोल क्रिकेट, वॉलीबाल, शूटिंग वॉलीबाल, हॉकी और खो-खो कुल 6 खेलो के लिए महिला व पुरुषो की 82 टीम भाग ले रही है। इन खेलो में 382 महिला खिलाडी सहित 898 खिलाड़ी अपना-अपना दम-खम दिखायेंगे। इधर जिला स्तरीय प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को राज्यमंत्री डॉ शंकर यादव ने संबोधित किया। अपने संबोधन में राज्यमंत्री यादव ने कहा की ग्रामीण क्षेत्रो में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने खेलो का उत्सव राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक आयोजित किये जा रहे है। पंचायत व ब्लाक स्तर पर हुई प्रतियोगिताओ में जीतने वाले खिलाड़ी व टीम आज जिला स्तर पर खेलने जा रहे है। वही जो टीम व खिलाडी जिला स्तर पर विजयी रहेंगे वे आगे राज्य स्तर पर खेलने जायेंगे। उन्होंने कहा की खेलो का जीवन में बड़ा महत्व है। खेलो से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है।

इधर इस मौके पर डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने अपने संबोधन में कहा की राज्य सरकार खेल व खिलाडियों के विकास के लिए कटिबद्ध है। सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्पोर्ट्स कोटे को शामिल करने के साथ पदक जीतने वाले खिलाडियों को नगद राशि के ईनाम की भी व्यवस्था की है। ऐसे में उन्होंने खिलाडियों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन का आव्हान किया।

## रुद्रप्रयाग सोसायटी सागवाड़ा में गरबों की धूम



**सागवाडा।** आवासीय रुद्रप्रयाग सोसाइटी में नवरात्रि के महोत्सव को लेकर जबरजस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। आर्केस्ट्रा की धूम पर सोसायटी महिलाएँ, युवा, बच्चे और वरिष्ठ जनों ने गुजराती, राजस्थानी और फिल्मी धून पर गरबे का आनंद लिया। धार्मिक कमेटी के सचिव प्रदीप गामोठ ने बताया कि पंडित पंकज भट्ट के निर्देशन में मां जगतम्मबा के एकम के दिन स्थापना की गई। जिसमें यजमान महेश पंड्या के सानिध्य में विधिवत पूजा अर्चना की गई। यहाँ नवरात्रि के नव दिन तक विविध धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं।

रोज़ाना सुबह सोसायटी के अलग अलग सदस्य पूजा का लाभ लेकर आरती में भाग लेते हैं । गरबा के महोत्सव के दौरान रुद्रप्रयाग सोसाइटी में भक्ति मय माहौल का उत्साह देखने को बनता है। अध्यक्ष मनोज भट्ट ,डॉ. विनोद भट्ट, अनिल त्रिवेदी, गिरिश गमोठ, शशिकांत पंड्या, तेजेंद्र जोशी, प्रकाश सोनी, पंकज मेहता, कल्पेश कलाल, प्रवीण व्यास , राजेश भट्ट, जितेंद्र त्रिवेदी, पंकज पटेल, रोहित त्रिवेदी,रोहित जोशी, लोकेश ठाकुर ,भूपेंद्र सोनी, चिराग पंचोली, मानशंकर जोशी, मुकेश दिक्षित, पंकज व्यास, राजेश जोशी, साजन कलाल, नवनीत जैन व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं।

## गहलोत कुर्सी बचा पायेंगे? सचिन सीएम बन पायेंगे? मैडम का फैसला दोनों को होगा मंजूर

**नई दिल्ली/ जयपुर।** राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट कांग्रेस की राज्य इकाई में संकट के बीच गुरुवार देर शाम पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात के लिए उनके आवास 10 जनपथ में मुलाकात की। मुलाकात के बाद सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान पर पार्टी सकारात्मक फैसले लेगी। सोनिया गांधी से हमने बात की है। उन्होंने हमारी सारी बातों को सुना। हम सब चाहते हैं कि 2023 का विधानसभा चुनाव हम मिलकर लड़े। हमें यकीन है कि हम दोबारा कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। मेरी पहली प्राथमिकता राजस्थान है। बताया जाता है कि इस दौरान पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल भी सोनिया गांधी के आवास पर मौजूद थे। बता दें, अशोक गहलोत के बाद सचिन पायलट को राजस्थान का सीएम बनाने की चर्चा थी। उधर, कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी अगले एक-दो दिन में राजस्थान के मुख्यमंत्री के बारे में फैसला करेंगी।